## खबर कोना

### नार्थईस्ट यूनाइटेड ने एफसी गोवा को 2-2 की बराबरी पर रोका

गुवाहाटी, 12 अगस्त (भाषा)।

नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डिफेंडर संदेश झिंगन के आत्मघाती गोल की मदद से शनिवार को यहां डूरंड कप फुटबाल में एफसी गोवा को 2-2 से बराबरी पर रोका। मानवीर सिंह ने गोवा के गोलकीपर धीरज सिंह की गलती का फायदा उठाते हुए मैच के 24वें मिनट में नार्थईस्ट का खाता खोला। पहले हाफ के इंजुरी टाइम में रोवलिन बोर्गेस ने गोवा के लिए पहला गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के दूसरे हाफ में खेल शुरू होने के सातवें (मैच का 52वां मिनट) में झिंगन के आत्मघाती गोल ने नार्थईस्ट को बढ़त दिला दी लेकिन मोहम्मद इरशाद के फाउल पर गोवा को पेनल्टी मिली। नोआ सदाउई ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की जिससे स्कोर 2-2 से बराबर हो गया। दोनों टीमों ने ग्रुप चरण में दो-दो मैच खेले हैं।



ब्रिस्बेन में महिला विश्व कप फुटबाल मैच आस्ट्रेलिया की कैटरीना अपनी बेटी हार्पर के साथ जीत का जश्न मनातीं हुईं।

### टामी पाल और एलेक्स डि मिनार टोरंटो बैडमिंटन के सेमीफाइनल में

टोरंटो, 12 अगस्त (एपी)।

अमेरिका के टामी पाल ने शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी और विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज को और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डि मिनार ने दूसरे वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पाल ने 20 वर्षीय स्पेनिश स्टार अल्काराज को 6-3, 4-6, 6-3 से शिकस्त दी जबकि डि मिनार ने मेदवेदेव को 7-6 (7), 7-5 से पराजित किया। पाल का सामना सातवें वरीय यानिक सिनर और फ्रांस के गेल मोंफिल्स के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं डि मिनार की भिड़ंत स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगी जिन्होंने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनल्ड को शुरुआती क्वार्टरफाइनल में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।

### पंजाब एफसी ने फ्रांस के मिडफील्डर मादिह तलाल से करार किया

मोहाली, 12 अगस्त (भाषा))।

पंजाब एफसी ने शनिवार को आगामी इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) सत्र के लिए फ्रांस के मिडफील्डर मादिह तलाल से करार की घोषणा की। इस 25 साल के मिडफील्डर ने अपने पूर्व क्लब एई किफिसिया एफसी को क्लब के इतिहास में पहली बार ग्रीस सुपर लीग में पहुंचाने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने भारतीय क्लब से करार किया। वह पंजाब एफसी से इस सत्र से जुड़ने वाले चौथे विदेशी फुटबालर हैं। पंजाब एफसी के तकनीकी निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, 'तलाल के आने से हमारी मिडफील्ड मजबूत होगी और इससे टीम को काफी मदद मिलेगी।' पेरिस में जन्मे तलाल ने अपना करिअर फ्रांस में एंगर्स एससीओ रिजर्व टीम से शुरू किया जिसमें बाद वह एमिन्स एससी में चले गए।

# चौथी बार खिताब जीत कर भारत ने रचा कीर्तिमान

एशियाई चैंपियंस ट्राफी हाकी

चेन्नई, 12 अगस्त (एजंसी)।

भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में शानदार वापसी करके शनिवार को यहां मलेशिया को 4-3 से हराकर रेकार्ड चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्राफी (एसीटी) हाकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। भारत तीसरे क्वार्टर के अंतिम मिनट तक 1-3 से पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उसने आखिरी 16 मिनट में मैच का पासा पलटने में देर नहीं लगाई। भारत ने पहले 30 सेकंड के अंदर दो गोल किए और फिर आखिरी क्वार्टर में निर्णायक बढ़त हासिल की। भारत का यह चौथा खिताब है और उसने पाकिस्तान (तीन खिताब) को पीछे छोड़ा।

भारत के लिए जुगराज सिंह (नौवें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (45वें), गुरजंत सिंह (45वें) और आकाशदीप सिंह (56वें) ने जबकि मलेशिया की तरफ से अबू कमाल अजराई (14वें), रहीम राजी (18वें) और मोहम्मद अमीनुदीन (28वें) ने गोल किए। मलेशिया ने खेल शुरू होते हैं दबाव बनाने की रणनीति अपनाई तथा उसके स्टार खिलाड़ी अजराई ने पहले मिनट में ही भारतीय गोल में सेंध लगाने की नाकाम कोशिश की। भारतीय टीम ने हालांकि जल्द ही अपनी लय पकड़ी और आठवें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया जिसे जुगराज ने ताकतवर ड्रैग फ्लिक से गोल में बदला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह उस समय मैदान में नहीं थे लेकिन जुगराज ने उनकी कमी नहीं खलने दी।

मलेशिया ने हालांकि भारत की बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रहने दी। अजुआन हसन ने सर्किल के बाहर गेंद पर नियंत्रण बनाया और उसे गोलमुख के पास खड़े अजराई तक पहुंचाया जिन्होंने गोल करने में कोई देरी नहीं लगाई। भारत ने पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन हार्दिक सिंह के खराब प्रयास से वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। मलेशिया ने दूसरे क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की तथा उसके जवाबी हमले के सामने भारत अपनी लय खो बैठा। मलेशिया ने जल्द ही पेनल्टी कार्नर हासिल किया। भारत ने रेफरी के इस फैसले पर अपना एक रेफरल भी गंवाया। रहीम राजी ने इस पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर मलेशिया को पहली बार बढ़त दिलाई।

भारत को 21वें मिनट में बराबरी करने का मौका मिला था लेकिन विवेक सागर के करारे शाट को मलेशिया के गोलकीपर हफीजुद्दीन ओथमान ने अपने हाथों से रोक दिया। मलेशिया ने हमलावर तेवर अपनाए और चार मिनट के अंदर दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए। मोहम्मद अमीनुदीन ने इनमें से दूसरे पेनल्टी कार्नर पर गोल करके मलेशिया को मध्यांतर तक 3-1 से आगे रखा। भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरू में दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन हरमनप्रीत और जुगराज उन पर गोल नहीं कर पाए। भारतीय टीम ने इसके बाद भी गोल करने के प्रयास किए। खेल के 40वें मिनट में आकाशदीप सिंह के पास मौका था लेकिन वह फाउल कर बैठे। इस बीच मलेशिया ने भी जवाबी हमलों से भारतीय रक्षकों को व्यस्त रखा। मलेशिया 43वें मिनट में पेनल्टी कार्नर का फायदा नहीं उठा पाया। भारत ने इसके तुरंत बाद जवाबी हमला किया लेकिन जरमनप्रीत सिंह का शाट क्रासबार के ऊपर से बाहर चला गया।



भारत के मनप्रीत सिंह (बाएं) मलेशिया के खिलाड़ी अजुआन हसन से गेंद छीन कर विपक्षी खेमे पर हमला करते हुए।

# वेस्ट इंडीज को नौ विकेट से हरा कर भारत ने 2-2 से सीरीज बराबर की

टी20 क्रिकेट

लाडेरहिल, 12 अगस्त (एजंसी)।

यशस्वी जायसवाल (नाबाद 84) और शुभमन गिल (77 रन) की आतिशी बल्लेबाजी और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने चार मैचों की सीरीज के चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां वेस्ट इंडीज को 18 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराया।

मैन आफ द मैच यशस्वी ने 51 गेंद की नाबाद पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि गिल ने 47 गेंद की पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाकर लय में वापसी की। दोनों की पहले विकेट के लिए भारत की ओर से रोहित शर्मा और लोकेश राहुल की साझेदारी के रेकार्ड की बराबरी की। रोहित और राहुल ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 165 रन की साझेदारी की थी।

भारत की ओर से यह किसी भी विकेट के लिए संयुक्त रूप से दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। यह रेकार्ड संजू सैमसन और दीपक हुड्डा के नाम है। इस जोड़ी ने आयरलैंड के खिलाफ पिछले साल दूसरे विकेट के लिए 176 रन की साझेदारी की थी। भारत ने वेस्ट इंडीज को आठ विकेट पर 178 रन पर रोकने के बाद तीन ओवर शेष रहते एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली। इसका निर्णायक मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर अर्शदीप सिंह (38 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (26 रन पर दो विकेट) की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने वेस्ट इंडीज को कम स्कोर पर रोकर शानदार प्रदर्शन किया। अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल और मुकेश कुमार को भी एक-एक सफलता मिली। शिमरोन हेटमायर की 39 गेंद में 61 रन की पारी के दम पर वेस्ट इंडीज ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहने के बाद भी अच्छा स्कोर खड़ा किया। हेटमायर ने 39 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए शाई होप के साथ 49 रन की साझेदारी की। होप ने 29 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने पहले ओवर में ओबेद मैकाय के खिलाफ दो और तीसरे ओवर में जेसन होल्डर के खिलाफ तीन चौके जड़कर अपने आक्रामक तेवर दिखाए तो वहीं दूसरे छोर से लय तलाशने के लिए संभल कर बल्लेबाजी कर रहे शुभमन गिल ने मैकाय के खिलाफ छक्का जड़कर हाथ खोला। जायसवाल ने पांचवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड के खिलाफ लगातार चौको के साथ टीम का पचासा पूरा किया। पावरप्ले का फायदा उठाते हुए गिल ने ओडियन के ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया जिससे पावरप्ले में टीम ने बिना किसी नुकसान के 66 रन बना लिए। पावरप्ले के बाद दोनों ने मैदानी शाट पर चौका लगाने के साथ दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया।



जायसवाल (बाएं) अर्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते हुए।

## जेसिका पेगुला ने मांट्रियल में युगल जोड़ीदार गाफ को हराया

मांट्रियल, 12 अगस्त (एपी)।

अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने शुक्रवार को हमवतन और अपनी युगल जोड़ीदार कोको गाफ को 6-2, 5-7, 7-5 से हरा कर लगातार तीसरे साल नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कजाखस्तान की एलिना रिबाकिना ने शनिवार सुबह तक चले क्वार्टरफाइनल में रूस की दारिया कसातकिना को 5-7, 7-5, 7-6 (8) से शिकस्त दी।

रिबाकिना का सामना रूस की 15वीं वरीय लियूडमिला सामसोनोवा से होगा जिन्होंने स्विट्जरलैंड की 12वीं वरीय बेलिंडा बेनसिच को 6-4, 6-4 से हराया। पेगुला और गाफ की जोड़ी ने शुक्रवार को अपने युगल मैच से हटने का फैसला किया था जिससे जापान की शुको ओयामा और इना शिबाहारा की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई थी। पेगुला का सामना अब सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक से होगा। पोलैंड की स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर डेनियल कोलिंस को 6-3, 4-6. 6-2 से शिकस्त दी।

## आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड महिला विश्व कप फुटबाल के सेमीफाइनल में

ब्रिस्बेन, 12 अगस्त (एजंसी)।

आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को हराकर पहली बार महिला विश्वकप फुटबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं सिडनी में एलिसिया रूसो के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से इंग्लैंड ने शुरू में पिछड़ने के बाद वापसी करके शनिवार को यहां कोलंबिया को 2-1 से हराकर महिला विश्व कप फुटबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

आस्ट्रेलिया और फ्रांस दोनों टीमें निर्धारित समय और अतिरिक्त समय तक गोल रहित बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। कार्टनी वाइन ने दसवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर आस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल के इस रोमांचक मैच में शूटआउट में 7-6 से जीत दिलाई।

आस्ट्रेलिया बुधवार को सिडनी में होने वाले सेमीफाइनल में इंग्लैंड और कोलंबिया के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से भिड़ेगा। आस्ट्रेलिया की जीत की नायिका गोलकीपर मैकेंज़ी अर्नोल्ड रही जिन्होंने अतिरिक्त समय और उसके बाद शूटआउट में शानदार बचाव किए। शूटआउट में हालांकि वह भी पेनल्टी लेने आई थी लेकिन गोल करने में नाकाम रही।

## चेतेश्वर पुजारा ने एक और शतक जड़ा, ससेक्स ने समरसेट को हराया

टांटन, 12 अगस्त (भाषा)।

चेतेश्वर पुजारा का इंग्लैंड काउंटी में शानदार प्रदर्शन जारी है जिन्होंने लिस्ट ए के तीन मैचों में दूसरा शतक जड़कर ससेक्स को एकदिवसीय कप मैच में समरसेट पर चार विकेट की आसान जीत दिलाने में मदद की। पुजारा ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद 117 रन की पारी खेली जिससे शुक्रवार को ससेक्स ने 11 गेंद रहते 319 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि पुजारा के शतक से ससेक्स के ग्रुप तालिका में स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें वह ग्रुप बी में नौ टीमों में निचले स्थान पर बरकरार है। यह ससेक्स की इस साल की प्रतियोगिता में पहली जीत थी। पुजारा भारत के लिए अंतिम बार विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेले थे लेकिन इसके बाद वेस्ट इंडीज दौरे के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई।


एनएचपीसी NHPC




**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार**

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 | 30.06.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 2,570.96 | 2,490.50 | 9,316.34 | 2,757.26 | 2,681.28 | 10,607.40 |
| 2 | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पूर्व) | 1,296.44 | 1,227.21 | 4,439.19 | 1,394.19 | 1,291.31 | 5,210.98 |
| 3 | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पश्चात्) | 1,296.44 | 1,227.21 | 4,439.19 | 1,394.19 | 1,291.31 | 5,210.98 |
| 4 | निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात् निवल लाभः | | | | | | |
| | - मूल कंपनी के स्वामी | 1,052.94 | 1,049.58 | 3,833.79 | 1,036.86 | 1,039.31 | 3,889.98 |
| | - अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | 58.52 | 14.45 | 344.76 |
| 5 | निम्न को आरोप्य अवधि के लिए कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्)]: | | | | | | |
| | - मूल कंपनी के स्वामी | 1,077.35 | 1,038.81 | 3,830.42 | 1,061.07 | 1,028.29 | 3,885.78 |
| | - अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | 58.32 | 14.22 | 343.95 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर अन्य इक्विटी | 26,440.28 | 24,479.88 | 25,362.93 | 27,916.71 | 25,904.24 | 26,854.31 |
| 8 | निवल मूल्य | 36,485.31 | 34,524.91 | 35,407.96 | 37,961.74 | 35,949.27 | 36,899.34 |
| 9 | प्रदत्त ऋण पूंजी | 30,222.79 | 28,207.69 | 30,171.63 | 31,625.33 | 28,340.31 | 31,557.04 |
| 10 | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.83 | 0.82 | 0.85 | 0.83 | 0.79 | 0.86 |
| 11 | प्रति शेयर आय (मूल एवं डायल्यूटेड) - (गैर-वार्षिकी) (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | | | | | | |
| | - विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता से पूर्व (₹ में) | 1.03 | 1.02 | 3.96 | 0.99 | 0.99 | 3.91 |
| | - विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता के पश्चात् (₹ में) | 1.05 | 1.04 | 3.82 | 1.03 | 1.03 | 3.87 |
| 12 | पूंजी विमोचन आरक्षित | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 |
| 13 | डिबेंचर (बॉन्ड) विमोचन आरक्षित | 1,129.30 | 1,366.25 | 1,129.30 | 1,129.30 | 1,366.25 | 1,129.30 |
| 14 | ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) | 2.92 | 5.28 | 4.05 | 3.00 | 5.35 | 4.26 |
| 15 | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) | 8.97 | 8.03 | 8.21 | 9.67 | 8.14 | 8.97 |
| 16 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | - | - | - |

नोट :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट : **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** पर एवं कंपनी की वेबसाइट : **www.nhpcindia.com** पर उपलब्ध है।
2. आवश्यक्तानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित/पुनः व्यवस्थित/पुनः वर्गीकृत/दोहराये गए हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11 अगस्त, 2023

**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता./-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएन - 08645380

महत्वपूर्ण सूचनाः शेयरधारकों से विनम्र अनुरोध है कि कंपनी से संबन्धित सभी सूचनाएँ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए कृपया अपने संबन्धित Depository प्रतिभागी/कंपनी के पास अपना ई-मेल पता अपडेट कराने का कष्ट करें।

https://www.nhpcindia.com join us:

चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 40, अंक 268
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
**बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।